थ्रेशोल्ड चोट (थ्रेशोल्ड इंजरी)

यदि एन एस डब्ल्यू की सड़कों पर आप किसी वाहन दुर्घटना में घायल हो जाते हैं तो वाहन दुर्घटना के बाद के पहले 26 सप्ताह के लिए आप कानून के अंतर्गत लाभ पाने के पात्र होंगे। लेकिन कानून हमें यह आदेश देता है कि 26 सप्ताह के बाद हमें आपकी वाहन दुर्घटना से लगी चोट को ध्यान में रखते हुए यह निर्णय लेना होगा कि क्या कानून के अंतर्गत आप उपचार और देखभाल, तथा/या साप्ताहिक लाभों (यदि आप इनके पात्र थे) को प्राप्त करते रहने के पात्र हैं या नहीं।

यदि आपकी चोट को 'थ्रेशोल्ड इंजरी' आँका जाता है तो आपको मिलने वाले लाभ 26 सप्ताह के बाद बंद हो जाएँगे।

यह तथ्य पत्र आपको निम्नलिखित चीज़ें समझने में सहायता करेगा:

- यदि आपकी चोट को 'थ्रेशोल्ड इंजरी' आँका जाता है तो इसका क्या तात्पर्य है और यह निर्धारित करने के लिए हम किस तरह की जानकारी को ध्यान में रखते हैं
- दावे के लिए आपकी पात्रता पर थ्रेशोल्ड इंजरी निर्धारण के क्या प्रभाव पड़ेंगे
- हमें यह निर्णय लेने की आवश्यकता क्यों है।

थ्रेशोल्ड इंजरी निर्धारण क्या होता है?

थ्रेशोल्ड इंजरी क्या होती है?

स्टेट इंश्योरेंस रेगुलेटरी ओथोरिटी (SIRA) द्वारा जारी किए गए वाहन दुर्घटना दिशा-निर्देश बताते हैं कि आपकी चोट को थ्रेशोल्ड इंजरी माना जाएगा यदि वह:

- सॉफ्ट टिशू (कोमल ऊतक) संबंधी चोट है, (जैसे कि व्हिप्लेश) और/अथवा
- कम गंभीर मनोवैज्ञानिक या मानसिक स्थिति है (जैसे कि एडजस्टमेंट डिसऑर्डर या एक्यूट स्ट्रैस डिसऑर्डर)।

उपरोक्त चोटों के अलावा अन्य सभी चोटें थ्रेशोल्ड इंजरी नहीं होंगी, ऐसा माना जा सकता है।

थ्रेशोल्ड इंजरियों के बारे में अधिक जानकारी प्राप्त करने के लिए कृपया अपने क्लेम्स एड्वाइज़र से संपर्क करे, जो आपको अधिक जानकारी और एन एस डब्ल्यू सरकार की 'थ्रेशोल्ड इंजरी' की परिभाषा की एक प्रति दे सकता है।

क्या मेरी चोट थ्रेशोल्ड इंजरी है, यह निर्धारित करने के लिए किस प्रकार की जानकारी प्रयोग की जाती है?

जब हमें आपके द्वारा भरा गया दावा मिल जाएगा तो हम आपके सामान्य चिकित्सक (जी पी) और उपचार प्रदाताओं से कई तरह की जानकारी माँगेंगे और उसे प्राप्त करके उस पर विचार करेंगे जो हमें आपकी चोट किस प्रकार की है, यह समझने में सहायता करेगी।

हमें निम्नलिखित प्रकार की जानकारी प्राप्त होगी:

- आपके जी पी द्वारा जारी किया गया सर्टिफ़िकेट ऑफ़ कैपेसिटी
- आपके उपचार प्रदाताओं द्वारा जारी की गईं चिकित्सीय रिपोर्टें और नैदानिक आकलन जो वाहन दुर्घटना से पहले और बाद के हो सकते हैं।

LUCKY YOU'RE WITH AAMI

मुझे यह कैसे ज्ञात होगा कि मेरी चोट को थ्रेशोल्ड इंजरी आँका गया है?

जब हम इस बारे में निर्णय लेंगे, हम आपको एक फ़ोन कॉल द्वारा और पत्र द्वारा इसके बारे में बताएँगे। जब हम आपको फ़ोन करेंगे तो हम सुनिश्चित करेंगे कि आप लिए गए निर्णय को ठीक से समझें और यदि आप कोई प्रश्न पूछना चाहें तो हम उनके उत्तर भी देंगे। जब हम आपको पत्र लिखेंगे तो हम आपको वह सारी जानकारी भेजेंगे जो हमने अपना निर्णय लेते समय प्रयोग की थी। कृपया पत्र को ध्यान से पढ़ें और सुनिश्चित करें कि आपने इस निर्णय को और इससे आपकी पात्रताओं पर होने वाले प्रभावों को ठीक से समझ लिया है।

थ्रेशोल्ड इंजरी निर्धारण का मुझ पर क्या प्रभाव पड़ेगा?

यदि हम यह निर्धारित करते हैं कि आपकी चोट थ्रेशोल्ड इंजरी है, तो इसका यह अर्थ नहीं है कि हम इस बात से सहमत नहीं हैं कि दुर्घटना का आप पर शारीरिक और मानसिक प्रभाव पड़ा है।

हमारा निर्णय इस बात पर आधारित है कि आपकी चोट किस प्रकार की है, न कि आपको महसूस होने वाले लक्षणों पर।

यदि आपकी चोट को थ्रेशोल्ड इंजरी निर्धारित किया जाता है, तो इसका अर्थ है कि चोट लगने के 52 सप्ताह के बाद आप निम्नलिखित के लिए पात्र **नहीं रहेंगे**:

- साप्ताहिक आय लाभ
- उपचार, पुनर्वास और देख-भाल
- वाहन दुर्घटना के परिणामस्वरूप आपको बीते समय में हुए और आने वाले समय में होने वाले आर्थिक और अन्य प्रकार के नुक़सानों के लिए दावा कर पाना

इसीलिए, यह महत्त्वपूर्ण है कि आप अपने दावे के बारे में लिए गए निर्णय को ठीक से समझें। यदि इस निर्णय के बारे में आपके कोई प्रश्न हैं तो हमारी सलाह यही होगी कि आप अपने क्लेम्स एड्वाइज़र से संपर्क करें।

यदि मुझे 26 सप्ताह के बाद भी उपचार और देख-भाल की आवश्यकता है तो?

कुछ मामलों में, यदि यह स्पष्ट है कि उपचार और देख-भाल जारी रखने से आपको अपनी चोटों से उबरने और काम पर लौट पाने तथा/या अपनी सामान्य गतिविधियाँ फिर से कर पाने में सहायता मिलेगी, तो हम ऐसी सेवाओं की स्वीकृति दे सकते हैं। अधिक जानकारी के लिए कृपया अपने क्लेम्स एड्वाइज़र से संपर्क करें।

यदि मैं आपके निर्णय से सहमत नहीं हूँ तो?

यदि आपके दावे पर थ्रेशोल्ड इंजरी के निर्णय से आप सहमत नहीं हैं तो आप हमारे निर्णय का इंटरनल रिव्यू करवाने के किए अनुरोध कर सकते हैं। इंटरनल रिव्यू के लिए अनुरोध करने के बारे में जानकारी आपके पत्र में शामिल होगी, लेकिन इस प्रक्रिया में आपकी सहायता के लिए आप अपने क्लेम्स एड्वाइज़र से भी संपर्क कर सकते हैं।

और यदि आप हमारी सेवा के स्तर से असंतुष्ट हैं तो आप शिकायत कर सकते हैं। शिकायत करने के लिए संपर्क की जानकारी लेने के लिए कृपया अपने क्लेम्स एड्वाइज़र से संपर्क करें या संलग्न "शिकायतें" तथ्य पत्र देखें।